Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to change the name of Dadupur Railway Station in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh as Raniganj Railway Station and also improve passenger facilities there.

कुँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़): मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) रानीगंज क्षेत्र के व्यापारियों, जनप्रतिनिधि एवं अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों द्वारा सामूहिक रूप से निरंतर मांग की जा रही है कि तहसील रानीगंज में स्टेशन का नाम दादूपुर से बदलकर रानीगंज रखा जाये। स्टेशन पर यात्री प्रतीक्षालय, यात्री शौचालय व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ जर्जर यात्री शेड को भी बदला जाए। रानीगंज व्यापारिक दृष्टि से मजबूत होने के साथ-साथ यह जनपद प्रतापगढ़ से लगभग 30 कि.मी. दूर होने के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं पैराणिक महत्व से जुड़े होने के साथ स्थानीय व्यापारियों, छात्रों तथा नगर पंचायत रानीगंज के लोगों को आरक्षण कराने के लिए जिला मुख्यालय स्थित प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है। जबकि व्यापारिक दृष्टि से दादूपुर (रानीगंज) रेलवे स्टेशन, वाराणसी रेल मार्ग पर स्थित होने के साथ-साथ सामरिक दृष्टि से भी व्यवसायियों का गढ़ है। इस स्टेशन पर लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस (14219-14220) का स्टॉपेज भी जनहित में 2 मिनट का रखा जाए।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह मांग करता हूं कि जनहित में क्षेत्रीय नागरिकों की उक्त मांग को तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए समस्याओं के निस्तारण हेतु कार्यवाही कराये जाने की कृपा करें।